भोपाल, शुक्रवार
06
मई 2025

# Sahaj yog news

Youtube-sahaj yog news


वर्ष : 01 | अंक : 24 rakeshthakur93346@gmail.com Whatsapp No : 8517002540 DigitalEpaper:sahajyognews.com





Editor in chief

संपूर्ण रोगों से मुक्ति के लिए सहज योग साधना पद्धति को अपने जीवन में अपना ने से संपूर्ण जीवन शुद्ध पवित्र और निर्मल हो जाता हैं और मानव देह में स्थित होते हुए मानव ईश्वर को प्राप्त होता है सहज योग साधना पद्धति से जुड़ने के लिए देखते रहे sahaj yog news.com +91 85170 02540 संपर्क करें 8517002540 संपूर्ण बीमारियों से मुक्ति के लिए सहज योग ध्यान दिनांक 6 मई शाम 6बजे mp nagar भोपाल संपर्क 8517002540 +91 85170 02540- सहज योग आज का महा योग +91 85170 02540- ध्यान द्वारा आत्मा का मिलन परमात्मा से आप सादर आमंत्रित है mp nagar भोपाल 6 मई शाम 6 बजे संपर्क 8517002540



















## राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले-मुख्यमंत्री डॉ . यादव

### मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने की राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से अनुबंध के बाद हुई कार्रवाई की समीक्षा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना हमारा संकल्प है। इसके लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की डेयरी क्षेत्र में विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक कंसल्टेंसी उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंसों को प्रदेश में लाने और उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और म.प्र. राज्य सहकारी दुग्ध संघ के मध्य संपादित अनुबंध के बाद की गई कार्रवाई की समत्व भवन में



समीक्षा कर रहे थे। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रमुख श्री मिनेश शाह, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री एस. रघुपति, महाप्रबंधक श्री संजय गोबानी सहित अधिकारी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बड़ी गौशालाएं विकसित की जा रही हैं। इनके विकास और बेहतर प्रबंधन से भी दूध उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय भी डेयरी टेक्नोलॉजी और एनिमल हसबेंडरी संबंधी कोर्स संचालित करें। विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं के तकनीकी विशेषज्ञों को गौशालाओं से जोड़कर उनके मार्गदर्शन और निर्देशन से गौशालाओं के प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

बैठक में बताया गया कि अनुबंध के परिपालन में प्रदेश के दुग्ध संघों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का प्रभार राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा नामित मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सौंपा जा चुका है। निर्देशानुसार प्रदेश की दुग्ध सहकारी समितियों के कव्हरेज क्षेत्र के विस्तार, दुग्ध संकलन, दुग्ध प्रसंस्करण और दुग्ध उत्पादों के लिए अद्यतन तकनीक पर आधारित अधोसंरचना विकसित करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के समन्वय से कार्य जारी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड अगले पांच साल में प्रदेश के कम से कम 50 प्रतिशत गांवों में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहा है। इससे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा। किसानों को दूध का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से दुग्ध संघों द्वारा दूध खरीदने की दर में वृद्धि की गई है। दुग्ध संकलन, गुणवत्ता नियंत्रण, भंडारण व्यवस्था आदि की विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की जा रही है।

## एमपी के 16 जिलों में बारिश, ओले गिरे

### भोपाल-इंदौर में भी गिरा पानी, आंधी से शादी का टेंट उड़ा; रायसेन में 8 .6 डिग्री लुढ़का पारा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सोमवार को भी तेज आंधी, ओले और बारिश का दौर जारी रहा। शाजापुर, नीमच, सीहोर में ओले गिरे। गुना में आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि शादी का टेंट तक उड़ गया। अशोकनगर में एक मोबाइल टावर गिर गया। भोपाल, ग्वालियर, मंदसौर, रायसेन, विदिशा, रतलाम, भिंड, छतरपुर, मऊगंज,पन्ना, खरगोन समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। धूलभरी आंधी चली। ग्वालियर-सतना में 3 मिमी, गुना-नौगांव में 2 मिमी, रायसेन में 5 मिमी, छिंदवाड़ा में 1 मिमी, खजुराहो में 4 मिमी दर्ज की गई। बाकी जिलों में भी बारिश हुई, पर कम पानी गिरने से वह दर्ज नहीं हो सकी।



**कई शहरों में तापमान में गिरावट** -इधर, अधिकांश शहरों में दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई है। रायसेन सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 27.4 डिग्री पहुंच गया। एक ही दिन में 8.6 डिग्री की गिरावट हुई है। उज्जैन में 5.5 डिग्री की गिरावट के बाद पारा 35.5 डिग्री पर आ गया। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में भी पारे में गिरावट हुई।

नरसिंहपुर में पारा 43 डिग्री रहा

नरसिंहपुर में पारा 43 डिग्री रहा, जो प्रदेश में सबसे अधिक है। वहीं, खरगोन में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा। बाकी जिलों में तापमान इससे कम ही दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल-उज्जैन में 35.5 डिग्री, इंदौर में 35 डिग्री, ग्वालियर में 36.2 डिग्री और जबलपुर में 36.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। रायसेन के साथ पचमढ़ी में 32.2 डिग्री और रतलाम में 32.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

## कानपुर में भीषण अग्निकांड : मुश्किल, पांच की मौत

### हथौड़े से तोड़ीं दीवारें, ... धुएं से सांस लेना हुआ

**कानपुर ( यूपी )।** कानपुर के चमनगंज थाना इलाके में घनी आबादी वाले प्रेमनगर इलाके में रविवार रात 9-30 बजे छह मंजिला इमारत के भूतल में जूते बनाने वाले कारखाने में आग लग गई। ऊंची-ऊंची लपटें देख अफरातफरी मच गई। दमकल की 35 गाड़ियां देर रात तक आग बुझाने की कोशिश में जुटी रहीं। सुबह तक आग पर काबू पाया गया। घटना में पांच लोगों की जान चली गई। रात करीब तीन बजे दमकलकर्मियों ने इमारत में फंसे जूता कारोबारी दानिश, उसकी पत्नी नाजनीन और तीन बेटियों के जले हुए शव निकाले। शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, प्रेमनगर में दानिश की छह मंजिला इमारत



है। इसमें दानिश और उनके भाई कासिफ का ही परिवार रहता है। भूतल पर दानिश का मिलिट्री के जूते बनाने का कारखाना है। इसके ऊपर गोदाम है। इमारत के अन्य तलों में जूते रखे हुए थे। रविवार को कारखाना बंद था। रात करीब 9-30 बजे कारखाने में आग लग गई। आग को बढ़ता देख इमारत में रह रहे परिवार के लोग जान बचाकर भागे।

सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा दमकल की कई गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। दो सौ मीटर के दायरे को सील कर देर रात तक आग बुझाने के साथ ही बचाव अभियान शुरू किया गया। एहतियातन आसपास की इमारतों को खाली कराया गया। सूचना पर एडीएम राजेश सिंह के अलावा एक दर्जन से ज्यादा थाने का फोर्स मौके पर पहुंच गया। एसडीआरएफ को भी मौके पर बुला लिया गया था। इमारत में आग लगने से दरारें भी पड़ गई हैं।

## केंद्र का निर्देश- राज्य सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल करें

### हमले के दौरान नागरिकों को बचने की ट्रेनिंग दें; 54 साल बाद ऐसा फैसला


**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने कई राज्यों से 7 मई को मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। हालांकि रविवार-सोमवार रात पंजाब के फिरोजपुर छावनी में ब्लैकआउट प्रैक्टिस की गई। इस दौरान गांवों और मोहल्लों में रात 9 बजे से 9-30 बजे तक बिजली बंद रही। दरअसल, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। सरकार किसी भी संभावित खतरे से पहले तैयारी करना चाहती है। मॉक ड्रिल यानी एक तरह की प्रैक्टिस जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे दुश्मन को निशाना साधने में मुश्किल होती है।



## आज आएगा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट

### सीएम डॉ . मोहन यादव 10 बजे करेंगे जारी; 16 लाख छात्र-छात्राओं ने दी है परीक्षा

**भोपाल।** एमपी बोर्ड के 10वीं-12वीं के रिजल्ट कल यानी 6 मई को सुबह 10 बजे जारी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीएम हाउस में नतीजों का ऐलान करेंगे। बोर्ड ने इसका आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जैसे ही मुख्यमंत्री रिजल्ट जारी करेंगे, छात्र इसे एमपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट https://mpbse.mponline.gov.in पर देख सकेंगे। बता दें कि इस साल करीब 16 लाख स्टूडेंट्स ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा दी है।



**मोबाइल ऐप पर भी देखा जा सकता है रिजल्ट**-छात्र Digilocker के माध्यम से भी परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। इसके अलावा Google Play Store पर MPBSE MOBILE App या MP Mobile App Download ·¤ÚU Know Your Result का चयन करने के बाद अपना रोल नंबर और आवेदन क्रमांक सबमिट कर परीक्षा परिणाम ज्ञात करें।

## 65 दिन बाद भी नहीं मिला आरटीआई का जवाब

### आष्टा मंडी में RTI डालना मतलब कचरे में सच्चाई फेंकना

**जिला ब्यूरो संदीप छाजेड़**
**अटल स्तंभ आष्टा ( सीहोर )**

सूचना का अधिकार - जिसे जनता की आंख और शासन की जवाबदेही का आईना माना जाता है - अब आष्टा मंडी समिति के गलियारों में मजाक बनकर रह गया है। एक आम नागरिक ने RTI मंडी से जुड़ी जानकारी के लिए RTI दायर की थी, लेकिन पूरे 65 दिन बीत जाने के बाद भी जवाब का नामोनिशान नहीं है। सवाल ये है- क्या RTI अब अधिकार नहीं, एक दिखावा बन गया है?

**RTI गई रद्दी की टोकरी में!** - RTI में मांगी गई जानकारी मंडी कार्यालय की उस परत को उघाड़ सकती थी, जहां अवैध मशीनों, अवैध अतिक्रमण और आर्थिक अनियमितताओं का जाल बिछा है? यही वजह है कि मंडी के अधिकारियों की कलम थम गई है





और जुबान पर ताला जड़ गया है।

**न खाता , न बही - मंडी बोले हमसे न सही!** मंडी समिति का यह रवैया सवाल खड़े करता है कि क्या सच में अधिकारी जवाब देने से डर रहे हैं या किसी बड़ी सच्चाई पर पर्दा डालने की कोशिश है? क्या मंडी कार्यालय अब अंधेरी नगरी बन चुका है जहां पारदर्शिता को दफ्तर की धूल समझकर झाड़ दिया जाता है?

**कानून की अवहेलना, पर कार्रवाई गुमशुदा!**-RTI कानून के तहत 30 दिनों में जवाब देना अनिवार्य है। देरी पर दोषी अधिकारी पर 250 प्रति दिन के हिसाब से जुर्माना भी लगाया जा सकता है, जो अधिकतम 25,000 तक हो सकता है। लेकिन यहां तो जैसे कानून भी दरवाज़े के बाहर खड़ा इंतज़ार करता रह गया है।

**ये चुप्पी आखिर किस डर की है?** -क्या आष्टा मंडी में जवाबदेही की लाश पर भ्रष्टाचार का महल खड़ा किया जा रहा है? प्रथम अपील अधिकारी क्या इस खामोशी पर संज्ञान लेगे या फिर ये मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा?

RTI का मतलब अगर रख दिया, तबाह इंसाफ हो गया है, तो लोकतंत्र की रीढ़ ही खतरे में है।

# कांग्रेस के मीडिया विभाग में हुआ बदलाव

## 53 प्रवक्ताओं की लिस्ट जारी, मुख्य प्रवक्ता का पद किया समाप्त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने लगातार बदलाव कर रही है। अब प्रदेश मीडिया विभाग नें बदलाव किया गया है। एमपी कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने 53 प्रवक्ताओं लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस ने अब मुख्य प्रवक्ता का पद खत्म कर दिया है। पिछले साल 9 मुख्य प्रवक्ता और 22 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई थी।।

**कुणाल चौधरी समेत 9 प्रवक्ताओं की छुट्टी** -एमपी कांग्रेस में.53 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही कई प्रवक्ताओं की छुट्टी कर दी गई है। इनमें पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, डॉ.अशोक मर्सकोले, बैजनाथ कुशवाह, विपिन वानखेड़े को हटाया गया है। राजकुमार केलू उपाध्याय, रीना बौरासी, अवनी बंसल, अमित शर्मा को भी प्रवक्ताओं की लिस्ट से बाहर किया गया है।

**इन्हें मिली जगह** -अजीत भदौरिया, अपराजिता पांडे, अब्बास हफीज, अभिनव बरोलिया, अमित चौरसिया, अमित तावड़े, अंबिका शर्मा, अवनीश बुन्देला, आनंद जाट, आनंद जैन कासलीवाल, आरपी सिंह, कुंदन पंजाबी, गुंजन शुक्ला, जितेन्द्र मिश्रा, ज्योति पटेल, धर्मेन्द्र शर्मा, नीलाभ शुक्ला, नूरी खान, प्रतिभा विक्टर, प्रमोद द्विवेदी, प्रवीण धौलपुरे, प्रियंका शर्मा, फिरोज सिद्दीकी, भूपेन्द्र गुप्ता, मिथुन अहिरवार, मुकेश पंथी, मृणाल पंत, योगेश यादव, रवि वर्मा, रवि सक्सेना, राजेश चौकसे, राम पांडे, राहुल राज, रितेश त्रिपाठी, रोशनी यादव, विक्रम चौधरी, विनय सक्सेना, विनोद शर्मा, विवेक त्रिपाठी, शहरयार खान, शैलेन्द्र पटेल, संगीता शर्मा, संतोष सिंह गौतम, संतोष सिंह परिहार, संदीप सबलोक, समर सिंह, साबिर फिटवाल, सीताशरण सूर्यवंशी, सुनील मिश्रा, स्पर्श चौधरी, स्वदेश शर्मा, हर्ष जैन, हिमानी सिंह।



**बनाए थे नौ मुख्य प्रवक्ता**-27 मार्च 2024 को पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने नौ मुख्य प्रवक्ता और 22 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की थी। इनमें भूपेन्द्र गुप्ता, मृणाल पंत, शैलेन्द्र पटेल, कुणाल चौधरी, विपिन वानखेड़े, विनय सक्सेना, निशा बांगरे, रोशनी यादव, अब्बास हफीज को मुख्य प्रवक्ता बनाया गया था।

# मधुमेह पीड़ित बच्चों के लिए हर गुरुवार विशेष क्लिनिक

## भोपाल के जेपी अस्पताल में फ्री में दी जा रही जरूरी किट और इंसुलिन ट्रेनिंग

**भोपाल।** भोपाल के जेपी अस्पताल में डायबिटीज से पीड़ित बच्चों के लिए राहत भरी पहल की गई है। यहां हर गुरुवार को एक विशेष बाल मधुमेह (टाइप वन डायबिटीज) क्लिनिक आयोजित की जा रही है, जहां बच्चों को न केवल फ्री में जांच और उपचार मिल रहा है, बल्कि इंसुलिन की ट्रेनिंग और फ्री किट भी दी जा रही है। यह सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), मध्यप्रदेश के सहयोग से संचालित हो रही है। क्लिनिक की प्रभारी डॉ. आफरीन आलम हैं, जो स्वयं बच्चों को काउंसलिंग और नियमित मॉनिटरिंग की सलाह दे रही हैं।

**फ्री किट में मिल रही जरूरी सामग्री** -इस क्लिनिक में पंजीकृत बच्चों को एक फ्री किट दी जाती है, जिसमें ग्लूकोमीटर, ब्लड शुगर टेस्टिंग स्ट्रिप, इंसुलिन (ग्लारजिन और पेन) और एक मॉनिटरिंग कार्ड शामिल होता है। इस कार्ड में बच्चे या उनके परिजन नियमित रूप से शुगर लेवल दर्ज करते हैं, जिससे डॉक्टर उनके स्वास्थ्य की सही निगरानी कर सकते हैं। इसके साथ ही, हिंदी और इंग्लिश में एक किताब भी दी जाती है, जिसमें मधुमेह से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां सरल भाषा में दी गई हैं। यह पहल बच्चों को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें बीमारी से लड़ने का आत्मविश्वास भी देती है।

**इंसुलिन की ट्रेनिंग भी हो रही शामिल** -क्लिनिक में बच्चों को इंसुलिन खुद लगाने की विधि भी सिखाई जा रही है, ताकि वे किसी अन्य पर निर्भर न रहें। डॉ. आफरीन बताती हैं कि बच्चों को बताया जाता है कि उन्हें समय पर खाना खाना है और तय समय पर इंसुलिन डोज लेनी है। यह नियमितता मधुमेह को नियंत्रित करने में सबसे अहम भूमिका निभाती है।

**मधुमेह के लक्षणों की पहचान जरूरी** -डॉ. आफरीन के अनुसार, बच्चों में मधुमेह की पहचान जल्द होनी चाहिए ताकि समय रहते इलाज शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि यदि बच्चे में अत्यधिक प्यास लगना, अचानक वजन घटना या बढ़ना, थकान, घाव का देर से भरना, त्वचा पर खुजली और बार-बार मूत्र त्याग की समस्या नजर आ रही हो, तो तुरंत जांच करानी चाहिए। समय रहते इलाज मिलने पर बच्चे सामान्य जीवन जी सकते हैं। जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि अब तक क्लिनिक में 67 बच्चे टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित के रूप में पंजीकृत हैं।

# 3 जिलों के अपर कलेक्टर समेत 15 आईएएस जाएंगे मसूरी

## उज्जैन, अशोकनगर, कटनी कलेक्टर रहे नीरज, सुभाष व दीपक मिड कैरियर ट्रेनिंग के लिए चयनित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के 15 आईएएस अफसरों को मिड कैरियर ट्रेनिंग के लिए भेजा जा रहा है। इनमें उज्जैन, अशोकनगर और कटनी के पूर्व कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, सुभाष कुमार द्विवेदी और दीपक आर्य शामिल हैं। ये ट्रेनिंग 12 मई से 6 जून तक मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आयोजित की जाएगी। राज्य शासन ने प्रशिक्षण के लिए इन सभी अधिकारियों को अनुमति दे दी है। इन अफसरों में इंदौर, जबलपुर और सतना के अपर कलेक्टर भी शामिल हैं। यह ट्रेनिंग उन अधिकारियों के लिए अनिवार्य मानी जाती है, जिन्होंने अब तक मिड कैरियर ट्रेनिंग नहीं की है और जिनकी सेवानिवृत्ति में अभी एक साल से अधिक का समय शेष है। इस बार एमपी कैडर के 2012 से 2017 बैच के 15 आईएएस अधिकारियों का चयन हुआ है। राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी ने हाल ही में ऐसे 53 अधिकारियों की सूची जारी की थी, जो अब तक यह ट्रेनिंग नहीं ले सके थे। अब इन्हें चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण में शामिल किया जा रहा है।





**ये अधिकारी जाएंगे ट्रेनिंग में**

-नीरज कुमार सिंह, संचालक परियोजना, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

-दीपक आर्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

-सुभाष कुमार द्विवेदी, अपर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग

-एस. कृष्ण चैतन्य, प्रबंध संचालक, मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल

-अंजू पवन भदौरिया, सीईओ जिला पंचायत रायसेन

-शीला दाहिमा, उप सचिव, सहकारिता विभाग

-बिदिशा मुखर्जी, अपर प्रबंध संचालक, एमपी टूरिज्म बोर्ड

-किरोड़ी लाल मीणा, अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

-गौरव बैनल, अपर कलेक्टर, इंदौर

-मिशा सिंह, अपर कलेक्टर, जबलपुर

-स्वप्निल जी. वानखेड़े, अपर कलेक्टर, सतना

-विवेक कुमार, सीईओ जिला पंचायत, ग्वालियर

-रोहित सिसोनिया, अपर आयुक्त, नगर निगम इंदौर

-राहुल नामदेव धोटे, उप सचिव, नर्मदा घाटी विकास एवं जल संसाधन विभाग

-दिव्यांक सिंह, सीईओ स्मार्ट सिटी, इंदौर

राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी 2007 से मिड कैरियर ट्रेनिंग का आयोजन कर रही है, ताकि फील्ड में काम कर रहे अधिकारियों की कार्य दक्षता और नेतृत्व क्षमता को और मजबूत किया जा सके।

# वक्फ बिल के विरोध में अभियान चलाएगी कांग्रेस

## अल्पसंख्यक विभाग चीफ बोले-वक्फ प्रॉपर्टी मुसलमानों की, उस पर सरकार का अधिकार नहीं

**भोपाल।** वक्फ संशोधन बिल के विरोध में अब कांग्रेस भी जन जागरूकता अभियान चलाएगी। भोपाल में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बैठक हुई। इस बैठक में मप्र कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बैठक में पूर्व विधायक हमीद काजी और AICC अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी निजाम कुरैशी के साथ एमपी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम और सभी जिलों के अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम ने भास्कर से कहा-वक्फ संशोधन बिल के विरोध में कानूनी लड़ाई कैसे लड़ना है। कैसे जन चेतना फैलाना है बैठक में इसकी पूरी कार्ययोजना बनाई है। हमारे नेता राहुल गांधी के संविधान बचाओ अभियान, जातिगत जनगणना जैसे विषयों पर चर्चा हुई है। जिला अध्यक्षों ने जो बातें रखीं हैं उस पर हमने रणनीति बनाई है।



**आतंकी हमले का मुसलमानों ने एकजुट विरोध किया** -शेख अलीम ने कहा- अभी पहलगाम में जो घटना हुई। उस घटना पर बीजेपी को एक दिन भी हिन्दू-मुस्लिम करने का मौका नहीं मिला और हमारा अल्पसंख्यक समाज मैदान में आया। आतंकवाद और पहलगाम में हुए घिनौने कृत्य के विरोध में पूरे प्रदेश में अल्पसंख्यक समाज ने पुतले जलाए। उसकी एक अलग ही पूरे प्रदेश में बात पहुंची कि हिन्दुस्तान का मुसलमान अपने देश और हिंदू भाईयों के साथ है। गंगा-जमुनी तहजीब के साथ है। ये वो लोग हैं जब हिन्दुस्तान पाकिस्तान अलग हो रहे थे तो छोड़कर नहीं गए।

**गंगा-जमुनी तहजीब को जिंदा रखेंगे** -शेख अलीम ने कहा- हमारा सबसे पहला मौजू है कि जो गंगा जमुनी तहजीब है उसे तरह-तरह के लव जिहाद और आतंकवाद के नाम पर विभाजित और विवादित किया जा रहा है। हिन्दू और मुसलमानों ने एक होकर देश को अंग्रेजों से छुड़ाया था। जब ये लोग(बीजेपी-आरएसएस) कहीं मैदान में नहीं थे। उसी संस्कृति को जिंदा रखना है और हिन्दू मुसलमान एक होकर इस देश में किसानों बेरोजगारों की लड़ाई लडेंगे। चाहे आतंकवाद के खिलाफ हो या गलत कृत्य, भ्रष्टाचार के खिलाफ हम मिलकर आवाज उठाएंगे।

# भारतीय रेल के लिए डिजिटल घड़ी डिजाइन करें

## पाएं 5 लाख का राष्ट्रीय पुरस्कार, 31 मई तक भेज सकेंगे डिजाइन

**भोपाल।** देश की रेल सेवाओं में समयबद्धता और तकनीकी नवाचार को नया आयाम देने के उद्देश्य से भारतीय रेल ने एक अनूठी राष्ट्रीय डिजाइन प्रतियोगिता की शुरुआत की है। इस प्रतियोगिता के तहत देशभर के नागरिकों को रेलवे स्टेशनों पर लगाई जाने वाली डिजिटल घड़ी की नई डिजाइन तैयार करने का अवसर दिया गया है। रेलवे बोर्ड द्वारा संचालित इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता को 5 लाख रुपए का राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। प्रत्येक श्रेणी में पांच प्रतिभागियों को 50,000 रुपए के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।




भोपाल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता भारतीय रेल के नवाचार प्रयासों और जनसहभागिता का परिचायक है। समय प्रबंधन को नई पहचान देने का यह सुनहरा मौका है। उन्होंने भोपाल मंडल के छात्रों, कलाकारों, डिजाइनर्स और आम नागरिकों से इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

**तीन श्रेणियों में आमंत्रित हैं डिज़ाइन**

-स्कूली छात्र (12वीं कक्षा तक)

-कॉलेज/यूनिवर्सिटी विद्यार्थी


-पेशेवर डिजाइनर एवं आम नागरिक

**डिजाइन भेजने की डेडलाइन 31 मई** -प्रतिभागी 1 मई से 31 मई 2025 तक अपनी डिजाइन केवल ऑनलाइन माध्यम से भेज सकते हैं। डिजाइन हाई-रेजोल्यूशन में और वाटर मार्क रहित होनी चाहिए। ईमेल आईडी contest.pr@rb.railnet.gov.in पर भेजना होगा। इसके साथ डिजाइन का एक संक्षिप्त अवधारणा नोट (Concept Note) और मौलिकता प्रमाण पत्र (Certificate of Originality) संलग्न करना अनिवार्य है। सभी श्रेणियों में भेजी गई प्रविष्टियों में से एक सर्वश्रेष्ठ डिजाइन का चयन किया जाएगा। जिसे देशभर के रेलवे स्टेशनों पर डिजिटल घड़ी के रूप में स्थापित किया जाएगा।

# बैरसिया में तेज रफ्तार कार पलटी, ड्राइवर की मौत

## 5 महीने की प्रेग्नेंट है मृतक की पत्नी, शादी से लौटते समय हुआ हादसा

**भोपाल।** शमशाबाद-बैरसिया रोड के महानीम चौराहा पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार कार पलट गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई। कार में सवार तीन अन्य लोग घायल हैं। मृतक की पत्नी पांच महीने की प्रेग्नेंट हैं। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अनीस खान (40) पुत्र अमीन खान मूल रूप से मंडीबामोरा जिला विदिशा के रहने वाले थे। बीते बीस सालों से भोपाल के काजीकैंप में रहकर कबाड़ बेचने का काम कर रहे थे। रविवार को रिश्तेदार की शादी में शामिल होने सिरोंज गए थे। वहां से रात करीब 1 बजे भोपाल के लिए लौट रहे थे। शमशाबाद बैरसिया रोड पर उनकी कार बेकाबू होकर पलट गई। कार को अनीस ही ड्राइव कर रहे थे। हादसे में कार सवार अन्य तीन साजिद, बद्दू और बबलू घायल हुए है। राहगीरों ने उन्हें एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया था। जहां इलाज के दौरान अनीस की सोमवार सुबह मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। सोमवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



## डीएमई नियुक्ति पर प्रदेशभर की मेडिकल फैकल्टी में आक्रोश

# काली पट्टी बांध कर रहे इलाज जूडा ने किया विरोध प्रदर्शन

**भोपाल।** प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सोमवार को जूनियर डॉक्टर और मेडिकल शिक्षकों ने एक बार फिर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध की वजह डॉ. अरुणा कुमार को डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन (डीएमई) के पद पर नियुक्त किया जाना है। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) और जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडा) ने इस फैसले को दबाव का नतीजा बताया है।

भोपाल, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, नीमच, मंदसौर, रतलाम और विदिशा समेत सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों ने सोमवार को दोपहर 1 बजे से 1-30 बजे तक सांकेतिक प्रदर्शन किया। वे मरीजों का इलाज काली पट्?टी बांधकर करते दिखे। इस दौरान मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग के नाम ज्ञापन भी डीन के माध्यम से सौंपा गया।




एमटीए मध्यप्रदेश की वीडियो कांफ्रेंसिंग में तय किया गया कि अगर सरकार ने सोमवार तक डॉ. अरुणा कुमार को डीएमई बनाने का आदेश वापस नहीं लिया, तो उग्र आंदोलन होगा। एमटीए भोपाल के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीय का कहना है कि प्रदेश के सभी 18 सरकारी और स्वशासी मेडिकल कॉलेजों से एमटीए के पदाधिकारी राजधानी के लिए कूच करेंगे। यहां एक मंच पर एकत्र होकर धरना देंगे।

# भोपाल रेप केस-क्लब-90 रेस्टोरेंट का अवैध हिस्सा तोड़ा

## यहीं छात्राओं को ले जाते थे आरोपी; राष्ट्रीय महिला आयोग ने 3 पीड़िताओं के बयान लिए

**भोपाल।** भोपाल में कॉलेज छात्राओं से रेप, ब्लैकमेलिंग और कथित लव जिहाद के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन ने क्लब-90 रेस्टोरेंट के अवैध हिस्से को तोड़ दिया है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि नगर निगम ने लीज निरस्त करके इसे अपने कब्जे में ले लिया है। आरोपी फरहान और उसके साथी कॉलेज छात्राओं को इसी रेस्टोरेंट में ले जाने के बाद उनके साथ गलत काम करते थे। दूसरी ओर, आरोपियों को फंडिंग करने वालों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

सोमवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की तीन सदस्यीय टीम पीड़िताओं के कॉलेज के अलावा यहां भी पहुंची थी। शाम को राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने 3 पीड़िताओं के बयान दर्ज किए।पीड़िताओं को होटल रेडिसन बुलाया गया था। रविवार को एक पीड़िता के बयान दर्ज किए जा चुके हैं।

**पीड़िताओं के कॉलेज भी पहुंची NCW की टीम** -इससे पहले आयोग की टीम रायसेन रोड स्थित उस कॉलेज भी गई जहां पीड़ित छात्राएं पढ़ती हैं। इस दौरान टीम ने कॉलेज प्रशासन, अधिकारियों और पीड़ित छात्राओं को पढ़ाने वाले स्टाफ से लंबी पूछताछ की। टीम ने कॉलेज परिसर में छात्राओं की सुरक्षा से जुड़े इंतजामों पर भी विस्तार से जांच की। जांच के दौरान ये पता लगाने की कोशिश की गई कि क्या पीड़ित छात्राओं ने पहले कभी आरोपियों के खिलाफ किसी भी तरह की शिकायत कॉलेज प्रबंधन या संबंधित अधिकारियों से की थी।



**विभाग के प्रमुखों से अलग-अलग बातचीत की** -5 पीड़िताओं की ओर से दर्ज एफआईआर के आधार पर इस मामले की जांच कर रही एसआईटी के वरिष्ठ अधिकारी भी महिला आयोग की टीम के साथ कॉलेज पहुंचे। आयोग की टीम ने कॉलेज स्टाफ और संबंधित विभाग प्रमुखों से अलग-अलग बातचीत कर जानकारी ली।

**उस क्लब भी टीम गई जहां छात्राओं को ले जाते थे आरोपी**-कॉलेज से निकलने के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम क्लब-90 रेस्टोरेंट पहुंची। यहां उन्होंने क्लब का जायजा लिया। इसी रेस्टोरेंट में आरोपी पीड़िताओं को ले जाने के बाद गलत काम करते थे। इस बात का खुलासा मुख्य आरोपी फरहान और साहिल ने पुलिस की पूछताछ में किया था।

# भोपाल में 8 हजार पेड़ बचाने के लिए आंदोलन

## 18 मई को अयोध्या बायपास पर जुटेंगे लोग

**भोपाल।** भोपाल के आसाराम तिराहे से रत्नागिरि तिराहा तक अयोध्या बायपास के चौड़ीकरण में 8000 पेड़ों को काटा जाएगा। इस प्रोजेक्ट को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) कर रही है। उन्होंने पेड़ काटने की अनुमति के लिए नगर निगम में आवेदन भी किया है। इसी बीच विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। 18 मई को इसे लेकर बड़ा आंदोलन करने की भी तैयारी है। प्रदर्शन को लेकर रणनीति भी बनाई जा रही है। बैठकों का दौर भी चल रहा है। पर्यावरणविद् उमाशंकर तिवारी ने बताया कि पिछले दिनों शिवाजी नगर में बैठक हुई थी। इसमें निर्णय लिया गया कि 18 मई की शाम को अयोध्या बायपास पर आंदोलन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल होंगे। विकास जरूरी है, पर हरियाली के नाम पर ऐसा नहीं होने देंगे। एनएचएआई को प्रोजेक्ट में बदलाव करना चाहिए। ताकि, प्रोजेक्ट भी पूरा हो और पेड़ भी न काटे जा सके।



**इसलिए 10 लेन बनाया जा रहा अयोध्या बायपास** -बता दें कि इस रोड पर 3 ब्लैक स्पॉट हैं, जहां साल भर में 30-35 लोगों की मौत हो जाती है। इसलिए सड़क को सर्विस लेन मिलाकर 10 लेन किया जा रहा है। विरोध की आशंका को देखते हुए एनएचएआई ने हाईकोर्ट और एनजीटी में कैविएट दायर की है। ताकि न्यायालय कोई भी स्टे देने से पहले एनएचएआई का पक्ष सुना जाए। अफसरों का कहना है कि अयोध्या बायपास के आसपास सिटी फॉरेस्ट डेवलप करने के लिए तैयार हैं।

**पेड़ों को बांध चुके रक्षासूत्र**-इससे पहले रविवार की शाम को भी लोगों ने प्रदर्शन किया था। बड़ी संख्या में लोगों रत्नागिरी तिराहे पर पहुंचकर पेड़ों को रक्षासूत्र बांधे थे। साथ ही उन्हें बचाने का संकल्प लिया था। आयोजन की अगुआई श्रमिक नेता दीपक गुप्ता ने की। उन्होंने कहा- यह सिर्फ पेड़ों की लड़ाई नहीं है, बल्कि हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। हम इन पेड़ों को कटने नहीं देंगे। गुप्ता ने खुद पेड़ों को रक्षासूत्र बांधते हुए आंदोलन की शुरुआत की।

# गुना नाका पर आरक्षक की मारपीट करने वाले आरोपियो को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**शिवपुरी!** शिवपुरी जिले की देहात थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए थाना आरक्षक की मारपीट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है! प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 30.04.25 को रात्री 11.15 बजे थाना देहात का आरक्षक जो शासकीय कार्य से भोपाल जा रहा था जो गुना वाईपास शिवपुरी पर बस का इंतजार कर रहा था वहीं गुना नाका पर एक व्यक्ति एक महिला से बिना बजह के मुंहवाद कर रहा था जिसपर से गुना नाका पर बस का इंजजार कर रहे आरक्षक द्वारा उस व्यक्ति को समझा बुझाकर वहां से हटा दिया था लेकिन कुछ देर बाद ही उस व्यक्ति के साथ तीन लोग और आ गये और चारों ने मिलकर आरक्षक के साथ मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई जिस पर से तत्काल कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अपराध क्र. 169/25 धारा 132,121 (1), 221,3 (5) बीएनएस का थाना



देहात पर कायम कर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में अज्ञात चार आरोपियों की पतारसी के लिये थाना प्रभारी रत्नेश सिंह यादव द्वारा प्रथक प्रथक पुलिस टीमें गठित की गई एवं अज्ञात आरोपीगणों के संबंध में मुखबिर मामूर किये गये मुखबिरों के द्वारा पुलिस से कुछ जानकारी साझा की गई घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही कैमरे भी देखे गये एवं तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपीगणों की पहचान सुनिश्चित की गई और आरोपीगणों को पकडने हेतु प्रयास किये गये। मुखबिर के द्वारा सूचना दी गई जिसपर से सूचना की तस्दीक हेतु टीमें बनाई गई एवं जब पुलिस टीमों द्वारा आरोपीगण राहुल रजक पुत्र रमेश रजक उम्र 21 साल निवासी मनियर शिवपुरी एवं आरोपी आशू रजक पुत्र घनश्याम रजक उम्र 21 साल निवासी मनियर शिवपुरी को पकडा गया तब आरोपीगण अवैध हथियार 315 बोर के लोडेड कट्टे के साथ मिले जिनसे कट्टे जप्त किये जाकर प्रथक से घारा 25/27 आर्म्स एक्ट के अपराध दर्ज किये गये एवं आरोपीगण भरत रजक पुत्र सुंदरलाल रजक उम्र 45 साल निवासी मनियर शिवपुरी एवं आरोपी विशाल राठौर पुत्र मदन राठौर उम्र 20 साल निवासी मनियर शिवपुरी को अपराध सदर से आगाह कर विधिवत रूप से नोटिस तामील कराये गये एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

**सराहनीय भूमिका** - इस कार्यवाही में निरी. रत्नेश सिंह, उनि जेबी सिंह वैस, प्रआर. दीपचन्द्र, प्रआर विनयं सिंह, प्रआर. देवेन्द्र सेन, प्रआर. अजय शर्मा, प्रआर. सुनील भार्गव, प्रआर. मोहन सिह चौहान, प्रआर. सुरेन्द्र दुबे, आर शकील खान, आर सचेन्द्र शर्मा, आर. बदनसिंह, आर. दिनेश सिंह, आर. शिवम सिंह, आर. मधुर श्रीवास्तव, आर.मनोज गौड, आर. रनवीर शर्मा थाना देहात जिला शिवपुरी एवं उनि धर्मेन्द्र सिंह जाट (प्रभारी सायबर सेल), प्रआर विकाश चौहान, आरक्षक दामोदर परिहार सायबर सेल शिवपुरी की मुख्य भूमिका रही है।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का किया जा रहा आयोजन

**अशोकनगर।.** खेल एवं युवा कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 01 मई 2025 से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन जिला मुख्यालय के साथ साथ विकासखंड स्तर पर भी किया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर अशोकनगर के स्थानीय संजय स्टेडियम, उत्कृष्ट विद्यालय पठार, मुस्कान पब्लिक स्कूल और इंडोर स्टेडियम अशोक नगर में प्रात: काल 6:00 बजे से 8:00 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है । इस प्रशिक्षण शिविर में कराते, हॉकी ,हैंडबॉल ,क्रिकेट ,बास्केटबॉल बैडमिंटन ,टेबल टेनिस एवं एथलेटिक्स खेलों में अनुभवी खेल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक एवं बालिका भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिए आवेदक को



निर्धारित आवेदन कार्यालय से प्राप्त कर फोटो और आधार कार्ड की कॉपी के साथ कार्यालय में जमा करा सकते हैं। श्रीमति हर्षा झरिया खेल प्रशिक्षक, ने बताया कि प्रतिवर्ष खेल विभाग द्वारा खेल प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन कराया जाता है। इनमें स्कूली बच्चे खेलों की बारीकियां सीखकर खुद को फिट रखने के साथ साथ समय का सदुपयोग करते है। खेल प्रशिक्षण शिविर से संबंधित जानकारी हेतु संजय स्टेडियम स्थित कार्यालय में प्रात: 6 से 8 बजे तक एवं शेष समय इनडोर स्टेडियम के ऑफिस में संपर्क किया जा सकता है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान, श्रमदान कार्यक्रम

# प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से डेम का किया गहरीकरण

**बुरहानपुर मध्यप्रदेश**/ प्रदेश सहित बुरहानपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान जन भागीदारी के साथ उत्साहपूर्वक चलाया जा रहा है। बुरहानपुर जिले में अभियान अंतर्गत जिले में स्थित प्रत्येक जल स्त्रोतों को चिन्हित कर उनके संरक्षण व साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार नवीन आरटीओ ऑफिस के पास बिरोदा रोड पर स्थित तालाब एवं चेक डेम के पास जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शनिवार को श्रमदान कार्यक्रम आयोजित रहा। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने फावड़ा,कूदेली, तगाड़ी उठा कर आगे आकर अभियान में अपनी सहभागिता निभाई। स्टॉप डेम पर श्रृंखला बना कर कार्य किया गया, डेम का गहरीकरण कर आसपास की सफाई भी की गई। श्रमदान कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ बाल विकास, अन्य विभागों के और संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों ने श्रमदान किया।इस दौरान जन



सुश्री लता शरणागत, अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान के मार्गदर्शन में पंचायत,राजस्व, परिवहन,कृषि,उद्यानिकी,महिला अभियान परिषद के सदस्यों ने भी अपनी भूमिका निभाई। सामूहिक रूप से श्रमदान कर बड़े छोटे पत्थरों को भी तालाब से उठा कर किनारे किया गया। वही एकत्रित किए गए कचरे को ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से उचित जगह निपटान किया गया। तालाब में पानी भराव से पशुओं और जलीय जीवो को भी लाभ मिलेगा। श्रमदान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के सन्देश का प्रसार करना है। यदि हम साथ मिलकर प्रयास करें तो जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, पुनर्भरण एवं पुनरूद्धार किया जा सकता है। हमें अपने आस पास के जल स्त्रोतों की सफाई व गहरीकरण करना चाहिए। ताकि वर्षा ऋतु के दौरान उसमें अधिक-से-अधिक जलभराव हो सके और भविष्य में पानी से संबंधित कोई भी समस्या ना आये। सभी की भागीदारी से ही जल गंगा संवर्धन अभियान जन आंदोलन बन सकेगा।

# रतलाम पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही जारी

## थाना सैलाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार, 25 किलो डोडाचूरा, एक मोटरसाइकिल सहित कुल मशरूका कीमती 1 लाख रुपए जप्त

**रतलाम। घटना का संक्षिप्त विवरण-** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा अवैध मादक पदार्थ के क्रय विक्रय एवं सेवन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने के लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं, जो श्रीमान के निर्देशों के पालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राकेश खाखा एवं अनुविभागीय अधिकारी महोदय (पुलिस) सैलाना नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सैलाना निरी. सुरेन्द्र सिंह गडरिया व थाना सैलाना की विशेष टीम द्वारा दिनांक 04.05.2025 को मुखबिर की सूचना पर आरोपी मोईन पिता नसीम खाँ मेवाती उम्र 20 साल निवासी एलची थाना दलोदा जिला मन्दसौर के कब्जे से 25 किलो डोडाचुरा किमती 50,000/- रुपये व एक मोटर साईकल स्प्लेण्डर किमती



50,000/- रुपये कुल किमती 1,00,000/- रुपये जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपी के विरूद्ध थाना सैलाना पर अपराध क्रं. 193/2025 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया हैं।

**गिरफ्तार आरोपी**-1. मोईन पिता नसीम खाँ मेवाती उम्र 20 साल निवासी एलची थाना दलोदा जिला मन्दसौर

**जप्त मश्रुका**- 01. 25 किलो डोडाचुरा किमती 50,000/- रुपये

02. एक मोटर साईकल स्प्लेण्डर किमती 50,000/- रुपये कुल मशरुका किमती 1,00,000/- रुपये

**सराहनीय भूमिका** - निरी. सुरेन्द्रसिंह गडरिया थाना प्रभारी पुलिस थाना सैलाना, उनि आनन्द बागवान चौकी प्रभारी धामनोद, सउनि शिवजी यादव ,प्रआर 861 अनिरुद्ध सिंह, प्रआर 482 महेन्द्र सिंह, प्रआर 151 हेमन्त जाट, प्रआर.925 संदीप शेगोकर, प्रआर 795 संदीपसिंह भदोरिया आर 668 मुकेश मेघवाल, आर 727 दिनेश पाटीदार, आर.627 यशपाल धनगर, आर 938 विजय, आर. 752 तुफान भुरिया, आर 659 अर्जुन मकवाना की सराहनीय भूमिका रही।

# ई-उपार्जन पोर्टल पर तुअर फसल पंजीयन की अवधि 15 मई 2025 तक बढ़ाई गई

**बैतूल** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अन्तर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 25 मार्च से 30 अप्रैल 2025 तक जिले में तुअर फसल का पंजीयन के लिए नियत की गई थी। किन्तु अब कृषक हित को ध्यान में रखकर शासन द्वारा पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई 2025 नियत की गई है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने बताया कि किसान भाई, जिन्होंने तुअर फसल की बुवाई की हो पंजीयन की कार्यवाही कार्यालयीन समयानुसार (शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर) पंजीयन के लिए निर्धारित लिंक में जाकर स्वयं के मोबाईल, कम्प्यूटर तथा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय के सुविधा केन्द्रों और सहकारी विपणन समिति द्वारा संचालित केन्द्रों अथवा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्रों, साइबर कैफे पर पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज (भू-स्वामियों के लिये भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाईल नम्बर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र तथा सिकमी एवं वन पट्टाधारी किसान वनाधिकारी पट्टाधारी, सिकमीदार को आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाईल नम्बर एवं वनपट्टा एवं सिकगी अनुबंध की प्रति) के माध्यम से करवा सकते हैं। उप संचालक कृषि कहा कि किसान भाई ध्यान देवें कि उनसे उपार्जित फसल का भुगतान उनके आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में सीधे किया जावेगा। किसान भाई अपने आधार नम्बर से बैंक खाता तथा मोबाईल नम्बर लिंक कराकर उसे अपडेट रखें ताकि भविष्य में असुविधा न हो।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव रिंवझा में भागवत कथा में हुए शामिल

## मुख्यमंत्री की कार्य शैली की तारीफ कथावाचक डॉ . अनिरूद्धाचार्य जी महाराज ने की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को मझौली के समीप स्थित ग्राम रिंवझा में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन गौरी गोपाल आश्रम, वृंदावन के संस्थापक एवं प्रख्यात कथावाचक डॉ. अनिरुद्धाचार्य जी महाराज द्वारा किया गया है। रिंवझा अनिरुद्धाचार्य जी महाराज का पैतृक ग्राम है और उनका बचपन यही व्यतीत हुआ था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजन स्थल पर पहुँचकर अनिरुद्धाचार्य जी महाराज से भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यासपीठ को भी नमन किया तथा प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कथावाचक अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बंशी, श्रीमद्भागवत गीता एवं अंगवस्त्रम् भेंट कर स्वागत किया। अनिरुद्धाचार्य जी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कार्यशैली, लोकहित में उनके किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने के अवसर को श्रद्धालुओं के लिये सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की यह कथा भक्तों के रोम-रोम को आनंद प्रदान करने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वेद वाक्य यत् पिंडे-तत् ब्रह्माण्डे की व्याख्या भी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया आज भारतीय संस्कृति को देखना, समझना और अंगीकृत करना चाहती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कंस का वध करने के बाद शिक्षा प्राप्त करने उज्जैन आए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने



बताया कि धार के समीप स्थित अमझेरा में भगवान श्रीकृष्ण ने युद्ध किया और जानापाव में उन्हें भगवान परशुराम ने सुदर्शन चक्र दिया था। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता आज भी प्रासंगिक है। यह सभी को अमीर और गरीब के भेद से मुक्त होकर मित्रता निभाने की सीख प्रदान करती है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उज्जैन ओंकारेश्वर, महेश्वर, मैहर एवं ओरछा सहित उन्नीस धार्मिक नगरों में शराब की दुकानों को बंद कराया गया है। इसके साथ ही खुले में मांस विक्रय को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिसके घर गाय होती है उसे गोपाल कहते हैं और जिसके घर में गाय का कुल होता है उसे गोकुल कहते हैं। प्रदेश में गौपालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। 25 से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश अभी तीसरे स्थान पर है और संपूर्ण देश का 9 प्रतिशत दूध मध्यप्रदेश में उत्पादित होता है। राज्य सरकार ने इसे 20 प्रतिशत तक बढाने का संकल्प लिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में मां नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को सर्व सुविधायुक्त बनाने का प्रबंध भी किया जा रहा है और जगह-जगह आश्रय स्थल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को संस्कारों की शिक्षा देने देवी-देवताओं के प्रसंगों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

अनिरूद्धाचार्य जी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष बच्चों को शिक्षा और संस्कार प्रदान करने ग्राम रिंवझा में विद्यालय बनाने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वृंदावन स्थित गौरी गोपाल आश्रम आने तथा इस संस्था द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों का अवलोकन करने का आग्रह भी किया।

# सावलमेंढा के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 739 जोड़े ने लिए सात फेरे जनपद सीईओ और एसडीएम ने संभाली पूरे कार्यक्रम की जिम्मेदारी

## परंपरागत रीति-रिवाजों से कराई सभी धर्मों के जोड़ों की शादी

**बैतूल।** सावलमेंढा में 5 मई को आयोजित हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में 739 जोड़ों ने सात फेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। इस आयोजन में कुल 745 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 6 मुस्लिम जोड़ों ने अपने धार्मिक रीति-रिवाजों से निकाह किया। हर धर्म के जोड़ों की शादी उनकी परंपराओं के अनुसार कराई गई, जिससे यह सम्मेलन सामाजिक समरसता और धार्मिक सौहार्द की मिसाल बन गया। इस विशाल कार्यक्रम की संपूर्ण जिम्मेदारी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेंद्र दीक्षित और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शैलेंद्र हनोतिया ने अपने कंधों पर ली। बारिश के बावजूद दोनों अधिकारी देर रात तक विवाह स्थल पर मौजूद रहे। हर व्यवस्था को खुद जाकर देखा, दूल्हा-दुल्हन की बैठने की व्यवस्था से लेकर







भोजन, मंच और विवाह मंडपों तक हर पहलू पर बारीकी से निगरानी रखी गई। जब आमतौर पर अफसर सिर्फ मंच पर नजर आते हैं, तब सावलमेंढा में देवेंद्र दीक्षित और शैलेंद्र हनोतिया बारिश में भीगते हुए भी जमीनी स्तर पर सक्रिय दिखे। कार्यक्रम में भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र सिंह चौहान, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, वरिष्ठ नेता राजा ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष एवं अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में सभी विभागों की समन्वित भूमिका रही। यह सामूहिक विवाह सम्मेलन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संबल बना, समाज में एक सकारात्मक संदेश भी गया कि सभी धर्म, जाति और वर्ग के लोग एक मंच पर आकर सामाजिक परंपराओं को मजबूती दे सकते हैं।

**जरूरतमंद बेटियों के लिए राहत बनी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना** - उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत पात्र कन्याओं को उनके विवाह के समय कुल 55 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें 49 हजार रुपये का चेक सीधे कन्या के नाम से दिया जाता है ताकि वह अपने नए जीवन की शुरुआत सशक्त रूप से कर सके, जबकि 6 हजार रुपये विवाह समारोह के आयोजन के लिए दिए जाते हैं। इस योजना का लाभ वही परिवार उठा सकते हैं जो मध्य प्रदेश के मूल निवासी हों, जिनकी कन्या की उम्र कम से कम 18 वर्ष और वर की उम्र 21 वर्ष हो। योजना का बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है, जिसका क्रियान्वयन सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा किया जाता है।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने गौ माता का अंतिम संस्कार किया



**मंडलेश्वर ( खरगोन )।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को पुलिस थाने के आरक्षक अनुराग सिंह तोमर द्वारा सूचना दी गई कि पुलिस थाने के पीछे मिशन कंपाउंड में एक गौ माता का गौ लोक गमन हो गया है सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं में तुरंत जे सी बी मशीन बुलवाई और जमीन में गड्ढा करवाकर रीति रिवाज के साथ पूजन कर गौ माता का अंतिम संस्कार किया सेवा में जिला टोली सदस्य दीपक तोमर,प्रखंड मंत्री पियूष वर्मा,नगर संयोजक रोहित पाटिल, वैदिक शुक्ला, प्रशांत पाटीदार,विजय मानसारे,चंदन शोले उपस्थित थे।

## सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन



**धार।** बदनावर मे 6 मई से इंद्रप्रस्थ कालोनी में भव्य भागवत कथा का आयोजन किया गया है । सात दिवसीय भागवत कथा परम् पूज्य गुरुदेव दिनेश जी कश्यप के मुखारविंद से किया जायेगा। भागवत कथा के आयोजक धर्मपाल सिंह शक्तावत ने बताया कि कथा का समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा इसके लिए बड़ा पांडाल एवं पीने के लिए पानी की समुचित व्यवस्था की गई है ।आयोजक सक्तावत ने कहा कि भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु पधार कर श्रवण लाभ ले।

## सचिन सेन को केश शिल्पी मंडल के गौतमपुरा नगर के प्रतिनिधि के रूप मे नियुक्त किया



**गौतमपुरा ( इंदौर )।** नगर गौतमपुरा में मध्यप्रदेश राज्य केश शिल्पी मंडल मध्यप्रदेश शासन भोपाल नंदकिशोर वर्मा जी (कैबिनेट मंत्री दर्जा) के द्वारा नगर का (केशशिल्पी मंडल) के प्रतिनिधि का दायित्व सचिन सेन को सौंपा गया ।सचिन सेन ने बताया कि नंदकिशोर जी वर्मा के मार्गदर्शन मे अधिक से अधिक सेन समाज के साथियों को केश शिल्पी आयोग भोपाल से संबंधित योजनाओं का लाभ दिलवाने एवं शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने का पूर्ण प्रयास करूंगा, परमार ने अपनी नियुक्ति प सभी वरिष्ठ एवं समाजजन का आभार माना। परमार की नियुक्ति पर मध्यप्रदेश राज्य केशशिल्पी मंडल भोपाल नंदकिशोर जी वर्मा, शहीद भगतसिंह मंडल विधानसभा क्र 4 मंडल महामंत्री लखन जी सेन, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय युवा सेन समाज निलेश युवराज परमार, राज चौहान, हितेश चौहान संदीप शर्मा उपस्थित रहे।

## भगोरा में रात्रि कालीन क्रिकेट स्पर्धा 7 मई से तैयारी पूर्ण




**इंदौर .** तहसील की ग्राम पंचायत भगोरा में रात्रि कालीन क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन रखा गया है समिति कप्तान हुकम सिंह आंजना ने बताया कि बिगड़ 10 दिनों से मैदान बनाने की तैयारी जारी थी इसके बाद मैदान में समतल करण वह पीच बनाने का कार्य पूर्ण हो गया है इसमें लगभग ?50 हजार की राशि का खर्चा आया 7 मई शाम 7-00 बजे स्पर्धा का भव्य शुभारंभ होगा इसमें तहसील की 50 से अधिक टीमें भाग लेगी महिला टीमों को भी आमंत्रित किया गया है स्पर्धा आयोजन में आदित्य अंजना महेश अंजना राहुल आंजना शैलेश अंजना गौरव अंजना गोपाल गोयल सोनू अंजना इंदिरा आंजना अशोक सैनी चिप्स वाले कोदरिया वाले सभी के सहयोग हो रहा है टूर्नामेंट के संयोजक हुकम सिंह आंजना एवं आयोजक जीतू ठाकुर है द्य स्पर्धा में प्रवेश शुल्क ?2100 रखा गया है वही प्रथम पुरस्कार 55555/ रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 22222/ रुपए की राशि रखी गई है वही मैन ऑफ द सीरीज मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट फील्डर बेस्ट बॉलर के के भी पुरस्कार भी रखे गए हैं .

## महू नगर की रंगकर्मी सरोज नीम अब अभिनेत्री के रूप में दिखेंगी फिल्म जंजाल में

**महू-** शहर की प्रख्यात रंगकर्मी सरोज नीम को जल्द ही रीलीज होने वाली फिल्म जंजाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर प्राप्त हुआ है। बालीवुड की एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में आपने बूढ़ी दादी का महत्वपूर्ण और संवेदनशील किरदार निभाया है। इस फिल्म का ट्रेलर कई प्लेटफार्म पर रिलीज हो चुका है। ज्ञात रहे, कि सरोज नीम ने विगत लगभग तीस वर्षों से महू शहर में नटराज रंगमंच समूह तथा अन्य समूहों के माध्यम से नाटकों में अपनी भूमिका से महू वासियों के दिलों में जगह बनाई है। लेकिन अब अपने नगर की अभिनेत्री को रूपहर्ले पर्दे पर अभिनय करते देखना महू वासियों के लिए एक सुखद अनुभूति होगी। सभी को इस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार है। नटराज रंगमंच समूह के सभी कलाकारों की ओर से रंगकर्मी पवन निम, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं राजनेता योगेश यादव, राधेश्याम यादव, रामलाल प्रजापति, राजेन्द्र श्रीवास, राजकुमार बागड़ी, राजेश पाटीदार, अनिल वर्मा, डॉ. विमल सक्सेना तथा कवि द्रोणाचार्य दुबे ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। उक्त जानकारी कवि द्रोणाचार्य दुबे द्वारा दी गई।



# ग्रीष्म काल मे पक्षियों को पीने के लिए पानी उपलब्ध कराने की दिशा मे युवाओ ने बढ़ाए हांथ

## सकोरो के माध्यम से कर रहे है पक्षियो के लिए पेयजल की व्यवस्था

**शहडोल -** ग्रीष्म काल मे गर्मी बढ़ने के साथ साथ जल संरचनाओं मे पानी की कमी होने लगती है, जिससे पशु पक्षियो को पेयजल की समस्यां होती है। जिले के युवाओं ने पक्षी मित्र अभियान के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों मे सकोरे बांधकर पक्षियों के पेयजल की व्यवस्था कर रहे है। युवाओ का कहना है कि गर्मी के दिनों मे कई मासूम पक्षी कंठ की प्यास बुझाने के लिए यहां-वहां भटकने को मजबूर हो जाते हैं। अच्छी बात यह है कि जिन्हें इन पक्षियों का दर्द नजर आ रहा है वह उनके लिए मानवता का छांव बना रहे है। शहर की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम शहडोल के साथ ही व्यक्तिगत स्तर पर भी कई लोग पक्षियों के जीवन रक्षा के लिए आगे आए है। युवाओं की टोली युवा टीम शहडोल के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।इस दौरान सभी सदस्यों को पक्षियों के दाना पानी के लिए सकोरे वितरित किए गए। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने संकल्प लिया है कि अपने घर की छत एवं आंगन तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर सकोरे रख उनके भोजन पानी की व्यवस्था करेंगे। पक्षी मित्र हिमांशु तिवारी ने कहा कि इस आदत को संस्कार बनाने की जरूरत है जिससे गर्मी में पक्षियों को मानवता की छांव का सहारा मिल सके। उन्होंने कहा कि हर साल पक्षियों के लिए पानी के सकोरे दाना पानी आदि व्यवस्था की जाती है।युवा टीम शहडोल द्वारा आंगनवाड़ी केंदों, महाविद्यालय, सार्वजनिक स्थान, इंस्टीट्यूट ,नर्सिंग ,कॉलेज में सकोरे वितरित करेंगे ताकि बच्चे इसके महत्व को समझें । पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए यह बहुत अच्छा अभियान है ।इसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। क्योंकि पक्षियों से पर्यावरण दी संतुलित रहता है। इस दौरान पक्षी मित्र हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,शिखा बर्मन,मुस्कान महोबिया , वैष्णवी बर्मन , रागिनी बर्मन एवं सभी उपस्थित रहे।



## सर्व ब्राह्मण समाज सभा द्वारा कर्मकांड प्रशिक्षण पाठशाला आयोजित



**करेली ( नरसिंहपुर )।** रविवार को करेली नगर के हृदय स्थल श्रीराम मंदिर से सर्व ब्राह्मण समाज सभा करेली के संरक्षण मे परशुराम सेना द्वारा कर्मकांड प्रशिक्षण पाठशाला का रात्रिकालीन प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ. जिसका उद्देश्य प्रत्येक विप्र बंधु को सामान्य पूजा पद्धति से जोड़ना व मन्त्रोंपचार व विधि पूर्वक गृह पूजन के साथ नगर के प्रत्येक देवालायो को जागृत करना है. उक्त पाठशाला मे प्रत्येक उम्र के ब्राह्मण महिला व पुरुष प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है.परशुराम सेना के इस प्रयास को सराहते हुये सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जगदीश मिश्रा व अध्यक्ष महिला सभा भारती पालीवाल द्वारा पाठशाला का प्रथम पूजन किया गया . साथ ही समाज के अन्य पदाधिकारी व वरिष्ठ जनों मे गुरुचरण तिवारी, राजेंद्र तिवारी, प्रहलाद पाठक, महेश देवलिया , गोविन्द शर्मा, रामाधार उपाध्याय , आशीष दुबे,अमित पाण्डेय , सबिता दुबे , रीना भारद्वाज, उमा स्वामी व अन्य वरिष्ठ जनों द्वारा माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गयी व पाठशाला की सारगर्भिताबतायी गयी.कार्यक्रम की शुरुआत मे भगवान परशुराम व आदि गुरु शंकराचार्य के पूजन पश्चात् पाठशाला के प्रशिक्षक नीरज उपाध्याय का सम्मान किया गया उसके बाद श्री गणपति के आह्वान श्लोक से पाठशाला प्रारम्भ हुई.परशुराम सेना से सौरभ तिवारी, अभिजीत शर्मा, पराग दुबे, राजीव तिवारी, यशवंत दुबे, अनुज तिवारी, इन्द्रेश शर्मा, सुमित स्थापक,दीपक शर्मा व अन्य सदस्य उपस्थित रहे. मंच संचालन कमलेश शर्मा द्वारा किया गया.

## हृदय शाह के मोतीमहल, रानीमहल सहित शंकर शाह, रघुनाथ शाह एवं रानी दुर्गावती के स्मारकों का किया जाएगा विकास -मुख्यमंत्री डॉ . यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आजादी के लिए आन, बान और शान से लड़ने वाले राजा हृदय शाह, राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा और टंट्या मामा ने महान कार्य किया है, जो जल जमीन, जंगल और जमीर की रक्षा के लिए आगे आये हैं। हमारे प्रदेश और देश के जनजातीय महापुरुषों ने हमें गौरवान्वित किया है। हमें गर्व है जनजातीय महापुरुषों के उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में खरगोन में क्रांति सूर्य टंट्या मामा विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंडला के रामनगर में दो दिवसीय आदि उत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हृदय शाह द्वारा बनाये गए मोती महल का अवलोकन करते हुए लोक कला प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने 61 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया।

**स्मारकों व किलों के विकास कार्य होंगे** -मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय समुदाय के गौंड राजाओं के बने स्मारकों व किलों के विकास कार्य कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि रामनगर और मंडला में राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, मोतीमहल, रानी महल को भी विकास कार्यों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने मंच से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा को रामनगर स्थित मढ़िया के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसमें करीब 5 हजार नागरिकों की बैठक व्यवस्था के लिए सभागार, पेयजल और ठहरने की व्यवस्था आदि के प्रस्त

रामनगर में आदि उत्सव'' के समापन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेसा कानून के तहत जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए शासन द्वारा बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति क्षेत्र के लिए 1600 करोड़ रुपए की व्यवस्था की जा रही है।



## मजदूर दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित




**सिवनी।** ग्राम पंचायत घंसौर में श्रमिकों के कानूनी अधिकार और सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन, न्यायिक अधिकारियों और पंचायत पदाधिकारियों ने मजदूरों के अधिकारों और पंचायत की जिम्मेदारियों पर चर्चा की।

**कार्यक्रम के मुख्य बिंदु**

– मजदूरों के कानूनी अधिकार- मजदूरों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। पंचायत स्तर पर योजनाएं- पंचायत स्तर पर मजदूरों के लिए योजनाओं पर विशेष चर्चा हुई।

– सरकारी योजनाओं का लाभ- वक्ताओं ने श्रमिक वर्ग को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही।

**कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि**

– सिविल न्यायालय की जज पूर्णिमा सैयांम

– अनुविभागीय दंडाधिकारी विशन सिंह गोंड

– जनपद पंचायत घंसौर के सहायक यंत्री- रामकुमार बघेल

– उप यंत्री स्मृति गजभिए

– पटवारी संदीप उईके

**कार्यक्रम का उद्देश्य**

मजदूरों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना।

# बांदकपुर स्थित प्राचीन बाबड़ी को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जीर्णोद्धार का संकल्प स्थानीय बांदकपुर और दमोह वासियों ने लिया

**दमोह।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत जन अभियान परिषद दमोह के सहयोग से छात्र सर्व कल्याण समिति जिला दमोह, समस्त शिव भक्तो, सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों, नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो, मंदिर समिति, महर्षि स्कूल, संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थी, आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता एवं सहायिका के सहयोग से बांदकपुर धाम में स्थित अति प्राचीन बावड़ी में स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कहा निश्चित रूप से बहुत खुशी का विषय है, कि बांदकपुर स्थित प्राचीन बावड़ी को आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उस बावड़ी के जीर्णोद्धार का संकल्प स्थानीय बांदकपुर वासियों और दमोह वासियों ने लिया है, और उसी की परिणति है, कि सी.ई.ओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे के नेतृत्व में हमारे जन अभियान परिषद के कार्यकारी अधिकारी के नेतृत्व में सारे लोग जिसमें छात्र सर्वकल्याण समिति,मत करो ना यार टीम, पत्रकार बंधु, जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत और ग्राम पंचायत के सरपंच और उनकी पूरी टीम और ग्रामवासी बांदकपुर ट्रस्ट से जुड़े हुए सभी लोग और यहाँ के विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका बहनें सभी ग्रामवासियों ने मिलकर 2 घंटे यहाँ पर श्रमदान किया है, चारों तरफ एक खुशी और हर्ष का लहर है, कि एक प्राचीन बावड़ी का जीर्णोद्धार हो रहा है, रविवार को भी यही कार्यक्रम यहाँ पर आयोजित किया गया है। जिला प्रशासन का साप्ताहिक कार्यक्रम दमोह में होता है, उसको भी हमने रविवार को यहाँ पर शिफ्ट किया है, दमोह से भी लोग यहाँ पर आएँगे और श्रमदान करेंगे।

रविवार को लगभग 150-200 लोग यहाँ पर श्रमदान के लिए उपस्थित होंगे और इस श्रमदान के बाद परसों से इस बावड़ी के रंगरोगन और जीर्णोद्धार का काम शुरू किया जायेगा। प्रयास रहेगा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को इस बावड़ी अवलोकन कराया जाए। सभी जलदूतो को धन्यवाद दिया ।जलयोगी दाहिया जी हैं, जो बांदकपुर थाने में पोस्टेड है, इसके अलावा ग्राम के दो और जलयोगी है, जिन्होंने आज जल योग करके यहाँ पर दिखाया सभी का साधुवाद, धन्यवाद और आप सब के सहयोग से ये प्राचीन बावड़ियों का जीर्णोद्धार कार्यक्रम एक नई जल क्रांति के रूप में प्रदेश और देश में प्रसिद्धि प्राप्त करे यही शुभकामना के साथ, आप सबको बहुत धन्यवाद देता हूँ। सी.ई.ओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कहा आज जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रति सप्ताह कुछ प्राचीन और ऐसी जल संरचना हैं, जिनको जीर्णोद्धार की आवश्यकता हैं, कलेक्टर श्री कोचर के मार्गदर्शन में और जन सहयोग से विभिन्न सामाजिक संगठन, कर्मचारीगण और स्थानीय जनता सबके सहयोग से प्राचीन बावड़ी बांदकपुर में स्थित हैं, जो लगभग 300 वर्ष पुरानी हैं, इसके जीर्णोद्धार का इसकी साफ-सफाई का कार्य आज प्रारंभ किया गया है, और कल रविवार को फिर बड़ी संख्या में इसमें श्रमदान होगा और बावड़ी को बेहतर करने के लिए कल से और प्रयास किये जायेंगे उसके बाद फिर रंग-रोगन कार्य किया जायेगा जैसा कि कलेक्टर श्री कोचर ने आज बताया है, इसको ऐसा स्वरूप देंगे की जनता इसको देखने के लिए आए और यहाँ पर अच्छा महसूस करेगे

## सब जेल सरदारपुर में रामशरणम समिति झाबुआ द्वारा अमृतवाणी एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन

**धार।** आज दिनांक 04.05.25 को सब जेल सरदारपुर में बंदियों के जिवन हितार्थ में रामशरणम् झाबुआ द्वारा अमृतवाणी पाठ एवं भजन किर्तन कार्यकम का आयोजन किया गया जिसमें जेल में परिरूद्ध बंदियों को राम नाम के महत्व के बारे में बताया गया एवं रामशरणम् झाबुआ के प्रमुख सस्थापक श्री आनंद शक्तावत ने राम नाम के महत्व के बारे में बताते हुए स्वामी सत्यानंद जी महाराज के जीवन के बारे में बताया गया जिससे कैदियों को अपने जिवन में कैसे सुधार लाना है एवं उनके उनके जिवन में सांत्वना देते हुए बताया कि आप सभी जेल में कुछ ना कुछ अपराध करके आये हो ऐसा नही है कि जो जेल से बाहर है उन्होंने कोई भी अपराध नही किया हो पर आपके अपराध का पुलिस को पता चल जाने से आप जेल के अन्दर हो । बंदियों को भक्ति के मार्ग पर चलने का महत्व बताया गया जिससे वह अपने जिवन में सुधार ला सके। कार्यकम के अंत में सहायक जेल अधीक्षक संजय कुमार परमार ने झाबुआ से पधारे सभी साधकों का समस्त बंदियों एवं समस्त जेल स्टॉफ की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया.



## बरसात के पूर्व नाला नालियों की सफाई को दृश्टिगत रखते हुये सफाई कर्मचारियों, वाहन चालकों के साथ बैठक आयोजित की गई- सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया

### सफाई कर्मियों को तुरंत कचरा उठाने के निर्देश दिए गए हैं वर्षा ऋतु के पूर्व ही करें साफ सफाई की तैयारी

**टीकमगढ़ .** मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया जी के द्वारा कार्यालय के सभाकक्ष में बरसात पूर्व नाला नालियों की सफाई को दृश्टिगत रखते हुये सफाई कर्मचारियों, वाहन चालकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई ।जिसमें सफाई कर्मचारियों को बरसात पूर्व शहर के बडे नालों एवं शहर की मुख्य बडी नालियों की साफ सफाई करने एवं उसी दिन कचरा उठाने के निर्देश दिये गये है, नाली सफाई अभियान के तहत पूरे षहर को चार जोन में बांटा गया है प्रत्येक जोन में 10 कर्मचारी तैनात किये गये है जो प्रतिदिन सिर्फ नालियों की सफाई करेंगे। बरसात के समय कही भी पानी का भराव पाये जाने पर संबंधित क्षेत्र प्रभारी के ऊपर कडी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। बैठक के दौरान समस्त वाहनों को दुरूस्त करवाने के निर्देश भी दिये गये। डियूटी के दौरान कार्य में लापरवाही करते पाये जाने या डियूटी पर अनुपस्थित पाये जाने पर भी संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गई है। शहर में नालियों एवं सडक पर अतिक्रमण पाये जाने की स्थिति में चालानी कार्यवाही किये जाने एवं अतिक्रमण पृथक किये जाने के निर्देश दिये गये है हबलदारों को नगर पालिका की बिना स्वीकृति के भवन निर्माण करते पाये जाने पर कार्य बंद कराने एवं निकाय से स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आवेदन करवाने के निर्देश भी दिये गये।।




# दो दिवसीय ब्रह्मोत्सव में आएंगे चार राज्यों सहित देश, विदेश से समाजजन ब्राह्मण समाज की बैठक में बनी कार्ययोजना, प्रविष्टि फॉर्म किए वितरित

**खरगोन।** आगामी 17 व 18 मई को आयोजित होने वाले प्रांत स्तरीय ब्रह्मोत्सव में चार राज्यों सहित देश,विदेश से समाज जन आएंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक रविवार शाम को गौरीधाम स्थित देवयानी विश्रांति गृह में संपन्न हुई। कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व विधायक रवि जोशी ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में महिला उद्यमी मेला, विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन, समाज की पुस्तिका का विमोचन, प्रतिभावान विद्यार्थियों और आचार्यों का सम्मान जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र सहित संपूर्ण देश, विदेश में बसे समाज जन हिस्सा लेंगे। बैठक में नगर के समाजजनों को प्रविष्टि फॉर्म वितरित किए गए हैं, जिन्हें जमा करने की अंतिम तिथि 8 मई निर्धारित की गई है ।मीडिया प्रभारी नीरज ठक्कर एवं अनूप तिवारी ने बताया कि बैठक में सभी प्रभारियों ने अपनी तैयारियों की जानकारी दी। प्रतिभा सम्मान समारोह प्रभारी अशोक दीक्षित ने बताया कि अब तक 60 विद्यार्थियों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं। यज्ञोपवीत संस्कार प्रभारी दीपक जोशी एवं जितेंद्र शर्मा ने बताया कि 40 प्रविष्टि फॉर्म जमा हुए हैं ।महिला उद्यमी मेले की प्रभारी श्रीमती शुभा खोड़े एवं इंदुमति मंडलोई ने बताया कि अब तक 18 स्टॉल बुक हो चुके हैं। आचार्य सम्मान प्रभारी पंडित महेंद्र भटोरे एवं राहुल कानूनगो ने बताया कि 100 से अधिक आवेदन आ चुके हैं। युवक-युवती परिचय सम्मेलन की प्रविष्टियों की जानकारी डॉ. देवकृष्ण परसाई ने दी ।समाज अध्यक्ष सीके पाठक ने बताया कि आयोजन में मध्यप्रदेश सहित गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ समेत देशभर से समाजजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस दौरान पंडित भूपेंद्र परसाई,अनिल उपाध्याय, पंडित हरिनारायण शास्त्री, दिगम्बर बागडे, हेमंत खोड़े, दीपक घोड़े, पं. वामनराव शुक्ला, गंगाधर जोशी, डॉ.अनुपम अत्रे, अजय भट्ट, नितिन शर्मा,संजीव भटोरे, मुकेश खोड़े, संजय ठक्कर, सुनील शर्मा,पवन बिल्लौरे,बाबी मिश्रा, शरद तगाई, राजेश मिश्रा, राकेश राणा,शिव तिवारी,प्रकाश मंडलोई, जितेंद्र जोशी,राजेश मंडलोई, रवि शर्मा, कमलकांत जोशी, अनुपम ठक्कर, नवीन जोशी, कुबेर जोशी, सुबोध नागर,रवि मंडलोई,सहित सभी इकाइयों के समाजजन उपस्थित थे।

